संख्या-82/2015-1632/नौ-5-15-15प्लान/2012टीसी

प्रेषक,

उमाशंकर सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उत्तर प्रदेश जल निगम,
लखनऊ ।

नगर विकास अनुभाग- 5 लखनऊ दिनांक 18 मार्च, 2015

विषय: वित्तीय वर्ष 2014-15 में राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत गोरखपुर नगर की रामगढताल परियोजना हेतु राज्यांश की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या जी-49/022-0302/2015, दिनांक 02.03.2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि "राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम" के अन्तर्गत गोरखपुर नगर की रामगढताल की प्रदूषण नियंत्रण परियोजना हेतु निम्नलिखित तालिका में अंकित विवरण के अनुसार रू0 5011.00 लाख (रू0 पचास करोड़ ग्यारह लाख मात्र) को राज्यांश के रूप में निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन स्वीकृत किये जाने पर श्री राज्यपाल सहर्ष अनुमति प्रदान करते है :-

(धनराशि लाख रू0 में)

योजना का नाम	भारत सरकार द्वारा अनुमोदित लागत	व्यय वित्त समिति द्वारा पुनरीक्षित लागत	व्यय वित्त समिति द्वारा पुनरीक्षित लागत एवं भारत सरकार द्वारा अनुमोदित लागत का कुल अन्तर	कालम - 4 के सापेक्ष पूर्व में अवमुक्त धनराशि	वास्तविक गैप की धनराशी जो अब स्वीकृत की जा रही है ।
01	02	03	04	05	06
राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत गोरखपुर नगर की रामगढताल परियोजना	12432.00	19657.00	7225.00	2214.00	5011.00

(1) उक्त धनराशि प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ तथा विशेष सचिव, नगर विकास विभाग के प्रतिहस्ताक्षरयुक्त बिल प्रस्तुत करके लखनऊ कोषागार/ भारतीय स्टेट बैंक से आहरित कर व्यय की जायेगी ।

(2) इस स्वीकृत धनराशि का कोई भी अंश किसी बैंक/ पोस्ट आफिस /डिपाजिट खाते /पीएलए में नही रखा जायेगा।

(3) स्वीकृत धनराशि भारत सरकार द्वारा प्रश्नगत योजनान्तर्गत जारी किये गये दिशा निर्देशो के अनुरूप अनुमोदित योजना पर ही व्यय की जायेगी, जिसका विस्तृत विवरण तथा भौतिक प्रगति शासन को प्रत्येक त्रैमास के अन्त तक भेजा जाना आवश्यक हैं ।

(4) प्रश्नगत धनराशि का व्यय उन्ही कार्यो पर किया जायेगा जिसका लिये स्वीकृत की जा रही है । स्वीकृत धनराशि का व्यवर्तन किसी भी दशा में नही किया जायेगा।

(5) स्वीकृत धनराशि का उपभोग करते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र दिशा -निर्देशो के अनुसार यथासमय शासन तथा महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद को भेजा जाना वांछनीय है ।

2- इस शासनादेश में वित्त विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्ट शर्तो का अनुपालन विभागों /उपक्रमो में तैनात वित्त नियंत्रक/मुख्य/वरिष्ठ/ लेखाधिकारी अथवा सहायक लेखाधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित शर्तो का किसी प्रकार का विचलन हो, तो संबंधित वित्त नियंत्रक इत्यादि का दायित्व होगा कि उनके द्वारा मामले की सूचना पूर्ण विवरण सहित वित्त विभाग को दे दीं जाय।

3- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय- व्ययक के अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत आयोनागत लेखाशीर्षक "4215-जल पूर्ति तथा सफाई पर पूंजीगत परिव्यय- 02 -मल जल तथा सफाई-800-अन्य व्यय-01-केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें-0107-झील संरक्षण कार्यक्रम (राज्यांश) (के.70/रा.30)-24-वृहत निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

(उमाशंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।

संख्या-82/2015-1632/नौ-5-15-15प्लान/2012टीसी

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेशरः-

1- महालेखाकार, (वर्क्स लेखा अनुभाग), उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- जिलाधिकारी, लखनऊ/गोरखपुर।
3- कोषाधिकारी, कलेक्ट्रेट कोषागार, लखनऊ।
4- निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
5- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 लखनऊ ।
6- वरिष्ठ लेखाधिकारी/मुख्य सहायक लेखाधिकारी, जैसी भी स्थिति हो
7- मुख्य अभियंता (गोरखपुर क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम, गोरखपुर।
8- वित्त (ई-8) अनुभाग/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
9- नियोजन अनुभाग- 3/4
10- सुपर यूजर, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
11- गार्ड फाइल/ कम्प्यूटर सेल।

आज्ञा से,

(उमाशंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।

Allotment Grid Report

वित्तीय वर्ष:-2014-2015

आवंटन दिनांक-18/03/2015

प्रेषण संख्या:- 82-2015

आवंटन आदेश संख्या:- 001-82-2015-1632-9-5-15-15Plan-2012TC

अनुदान संख्या:- 37 नगर विकास विभाग(वित्तीय वर्ष 2014-2015 का आवंटन)

लेखाशीर्षक:- 4215 - जलपूर्ति तथा सफाई पर पूंजीगत परिव्यय(आयोजनागत-मतदेय)

02 - मल-जल तथा सफाई

800 - अन्य व्यय

01 - केन्द्रीय आयोजनागत / केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनाएं

07 - झील संरक्षण कार्यक्रम (राज्यांश) (के.70/रा.30-के.+रा.)

(धनराशि रु. में)

S.No.	अधिकारी/जनपद का नाम		24-वृहत् निर्माण कार्य	योग
1	लखनऊ कलेक्ट्रेट -6015-- , --01--	वर्तमान	501100000	501100000
		प्रगामी	565386000	565386000
	योग	वर्तमान	501100000	501100000
		प्रगामी	565386000	565386000

महायोग- (वर्तमान आवंटन):- रूपया पचास करोड़ ग्यारह लाख

महायोग- (प्रगामी आवंटन):- रूपया छप्पन करोड़ तिरेपन लाख छियासी हजार

(उमा शंकर सिंह)

संयुक्त सचिव